श्री सिद्धि विनायक
हार्ट केयर
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) | DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 119 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 09 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

## फिर बदला मौसम, बढ़ी ठंड

### तीन दिन बाद फिर मौसम बदलने की संभावना

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में एक बार फिर ठंड का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में हवाओं का रुख उत्तरी हो गया है। इस कारण तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है। अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम जानकारों के अनुसार अगले तीन दिन ठंड का दौर बना रहेगा। इसके बाद एक और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आ रहा रहा है। इससे एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल जाएगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, हवाओं का रुख उत्तरी हो गया है। इससे तापमान में गिरावट होगी। फिर अगले 3 दिन तक मौसम साफ रहेगा। इससे ठंड का हल्का असर रहेगा। 11-12 फरवरी से फिर एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो सकता है। इससे प्रदेश में बादल छाए रहेंगे, वही कुछ क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है।

# नीमच में कार्रवाई, मंदसौर में माफी

## सांची पार्लरों पर बिक रहा चाय-नाश्ता




**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** *एक दिन पहले नीमच में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे सांची पार्लरों पर कार्रवाई की। इधर मंदसौर में जिम्मेदारों की नींद नहीं खुल रही है। सांची दुग्ध संघ मर्यादित के शहर में संचालित सांची पार्लरों पर धड़ल्ले से अन्य उत्पादों का विक्रय किया जा रहा है। नियमानुसार सांची पार्लरों पर केवल सांची के दुग्ध उत्पाद ही बेचे जा सकते हैं। लेकिन, शहर के साथ ही कृषि उपज मंडी के सांची पार्लरों पर गुटखा-पाउच से लेकर चाय-नाश्ता व पैक खाद्य सामग्री तक बिक रही है। वहीं इनकी आड़ में कुछ जगहों पर अतिक्रमण भी बढ़रहा है। इस ओर न दुग्ध संघ की ओर से कोई कार्रवाई की जा रही है न नगरपालिका ध्यान दे रही है और ना ही मंडी कमेटी का इस ओर ध्यान है। इसके अलावा खाद्य सामग्री बेचने के लिए लाईसेंस लिया जाना आवश्यक है। लेकिन, खाद्य एवं औषधि विभाग भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।*

शहर में लाखों रुपयों की कीमत रखने वाली जमीन और मुख्य स्थलों पर सांची पार्लर खुले है। यह सांची पार्लर नाम के है, इन्हे किराना दुकान या जनरल स्टोर्स अथवा रेस्टोरेंट भी कह सकते है। क्योंकि सांची पार्लर पर बीड़ी, सिगरेट, गुटखा जैसी नशीली वस्तुएं भी बिक रही है। कुछ पार्लर पर तो गोगो भी उपलब्ध हो जाता है। यहां आपको डिस्पोजल से लेकर चने, सिंगदाने, पाउच पैकिंग में तरह-तरह के नमकीन और पानी की बोतलें सब कुछ मिल जाएगा। सांची पार्लर पर सांची के सभी उत्पाद किसी भी पार्लर पर नहीं मिलते है। लेकिन, दूसरी चीजें जरूर मिल जाती है। सांची के जिम्मेदार इस पर मौन धारण किए हुए धृतराष्ट्र बने बैठे है।

### सिर्फ सांची आयटम रखने की अनुमति...

सांची उत्पाद बेचने के लिए सांची द्वारा ऐसी जगह पार्लर खोले जाते है जो मुख्य बाजार या मेन रोड पर होते है। जहां सांची पार्लर खोले जाते है, वह भूमि बेशकीमती होती है, व्यापारी लाखों की दुकानें लेकर जो व्यापार करते है, वैसा व्यापार कुछ लोग सांची पार्लर खोलकर उस पार्लर पर नियम विरुद्ध कई प्रकार के आयटम बेचकर कर रहे है। जबकि, सांची के नियमों के अनुसार सांची पार्लर पर सिर्फ सांची के उत्पाद ही बेचे जा सकते है। सांची द्वारा दूध, दही, घी, मक्खन, मिष्ठी दोई, श्रीखंड लाइट, कोल्ड कॉफी और शुगर फ्री फ्लेवर्ड मिल्क जैसे कई उत्पाद है। सांची पार्लर पर इसके अलावा कोई वस्तु नहीं बेची जा सकती है। लेकिन, नियमों को बलाए ताक रखकर कई प्रकार के आयटम सांची पार्लर पर बिक रहे है और कोई नहीं जो पार्लर वालों से नियमों का पालन कराए।

**[ बिना लाईसेंस के परोसी जा रही खाद्य सामग्री ]**

### सांची पार्लर और अतिक्रमण...

सांची पार्लर के लिए 8 बाय 8 का प्लॉट नगर पालिका व अन्य विभागों की एनओसी के बाद अलाट किया जाता है। जबकि, 8 बाय 8 की दुकान के आगे कई जगह अन्य सामान रखकर बेचा जा रहा है। यानी सांची पार्लर की आड़ में बीच बाजार में लाखों रुपए कीमत की भूमि पर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस पर जिम्मेदारों को तत्काल ध्यान देना चाहिए।





### आवंटन होता है निरस्त...

उल्लेखनीय है कि जब एजेंट का सांची पार्लर के लिए दुग्ध संघ से अनुबंध होता है तो इसमें स्पष्ट उल्लेख रहता है कि एजेंट द्वारा दुग्ध पार्लर पर बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू आदि सामग्री का विक्रय नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा करना पाया जाता है तो आवंटन बिना किसी सूचना के तत्काल निरस्त किया जाएगा। इसके बाद भी शहर के पार्लरों पर धड़ल्ले से अन्य सामग्री का विक्रय किया जा रहा है।

### नपा में कुछ ही रजिस्टर्ड...

सूत्रों के अनुसार शहर में कई सांची पार्लर संचालित हो रहे हैं। इन पर बाकायदा सांची का नाम लिखा है। लेकिन, इनमें से गिनती के पार्लर ही ऐसे हैं, जिन्होंने नपा से लाइसेंस लिया है। अनुबंध के बाद दुग्ध संघ द्वारा एक प्रति नगरपालिका या नगर निगम को भी भेजी जाती है। सूत्रों के अनुसार कुछ तो सांची का नाम लिखकर अवैध रूप से भी संचालित हो रहे हैं।



### फूड लाईसेंस मिलना संभव नहीं...

फूड लाईसेंस के लिए भी एक प्रक्रिया होती है। जिसमें दुकान या जगह का उल्लेख करना आवश्यक होता है। अगर सांची पार्लर को दुकान या गुमटी दर्शाया जाए तो यह संभव नहीं कि इन्हें लाईसेंस मिल जाए। मतलब साफ है कि मंडी में स्थित सांची पार्लरो पर नाश्ता और खाद्य सामग्री बिना किसी लाईसेंस के बेची जा रही है।

### कोटपा अधिनियम के तहत भी दिए है निर्देश...

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने तम्बाकू आपदा से बचाने के लिए सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम (कोटपा-2003) बनाया गया है। इसमें दुग्ध पार्लरों को लेकर भी निर्देश दिए गए है कि तंबाकू उत्पाद सिर्फ तंबाकू उत्पाद की दुकानों से ही बेचे जाए। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। शहर सहित मंडी में स्थित सांची दूध पार्लरो पर खुले आम तम्बाकू उत्पाद भी बेचे जा रहे है।

# विवाह समारोह में स्टेज से गायब हुआ था रूपयों से भरा बेग


## सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी, हर्ष विलास में हुई घटना, बदमाशों की पहचान हुई, राजगढ़ की सांसी गैंग का सदस्य निकला

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर के हर्ष विलास रिसोर्ट में विवाह समारोह के दौरान अज्ञात बदमाश रूपयों से भरा बैग चुरा ले गया। दरअसल मजदूरों को बांटने के लिए लाए गए रूपयों से भरा बेग सौफे पर रख दुल्हन के ताऊजी फोटो खिंचवाने के लिए गऐ थे, इसी दौराग बैग गायब हो गया। पीड़ित परिवार ने बैग की तलाश रिर्सोट में की। लेकिन कहीं भी पता नहीं लगा, जिसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस मामलें की जांच कर रहीं है। इधर सीसीटीवी कैमरो से सामने आया कि चार बदमाश आए थे, जो बेग लेकर बिना नंबर की कार में सवार होकर भाग गए। हालांकि, पुलिस ने बदमाशो की पहचान कर ली है।

शहर कोतवाली पुलिस ने बताया कि राकेश उपाध्याय ने शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें बताया कि 6 फरवरी को उनकी बेटी की शादी थी। इसका रिसेप्शन एक रिसोर्ट हर्ष विलास पैलेस में चल रहा था। यहां उनके भाई ओमप्रकाश उपाध्याय के पास एक बैग था। जिसमें करीब दो लाख केश रखा हुआ था, जो मजदूरों को देना थे। ऐसे में रात 11 से 12 के बीच स्टेज पर परिवार के सभी लोग फोटो खिचवा रहे थे। तब बैग वहीं सोफे पर रखा था, इसके बाद पलट कर देखा तो बेग गायब था। घटना के बाद रिसोर्ट में लगे कैमरे भी चेक किए गए। उसके आधार पर संदिग्ध युवकों को आसपास ढूंढने की कोशिश भी की गई। लेकिन, आरोपी के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। मामले में कोतवाली टीआई किशोर पाटन वाला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है। रिसोर्ट में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से आरोपी को तलाश रहे है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरु

## मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन, 4 विधानसभाओ में 11 हजार 951 नए नाम जोड़े, 6 हजार 708 नाम हटाए गए



**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर श्री दिलीप यादव ने गुरुवार को एक बैठक की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अंतर्गत फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत जिले की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 10 लाख 40 हजार 90 मतदाता के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हैं। प्रारूप 6 में 11 हजार 951 नवीन नाम जोड़े गए हैं। वहीं 6 हजार 708 नाम मतदाता सूची से हटाए गए व 7,845 आवेदन नाम में संशोधन के लिए प्राप्त हुए हैं।

विधानसभा क्षेत्र के अनुसार मंदसौर विधानसभा में 3576, मल्हारगढ़ विधानसभा में 2069, सुवासरा विधानसभा में 3,259 व गरोठ विधानसभा में 3,047 नए नाम जोड़े गए। बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम ऑनलाइन माध्यम से लगातार चल रहा है।

साथ ही किसी व्यक्ति का नाम अभी भी मतदाता सूची से छूटा है तो वह भी अपना नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर विशाल सिंह चौहान, सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।

### शुरु हुआ लोकसभा चुनाव का काउंटडाउन...

लोकसभा चुनाव 2024 की आचार संहिता अब जल्द ही लगने के आसार बन रहे हैं। इस बीच बीजेपी व कांग्रेस संगठन में दावेदार चेहरों पर मंथन शुरू हो चुका है। दोनो ही प्रमुख पार्टियो में बैठकों का दौर निरंतर जारी है। विधानसभा चुनाव में एकतरफा बहुमत के बाद भाजपा थिंक टैंक अब मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में जीत की हैट्रिक लगाने की ओर निगाह बनाए हुए है। कांग्रेस 2009 के बाद से यहां जीत नहीं पाई है। वहीं बीजेपी ने मोदी मैजिक में 2014 के बाद 2019 में देशभर के समान मंदसौर में भी रिकॉर्ड 3 लाख 76 हजार मतों से जीत दर्ज की थी। वर्तमान स्थिति में दोनों ही संगठन बूथ लेवल की प्लानिंग में जुटे हुए हैं। हालांकि, विधानसभा चुनाव के नतीजों में ओवर ऑल मंदसौर संसदीय क्षेत्र की 8 सीटों पर बीजेपी की बढ़त केवल 1 लाख 80 हजार मतों तक रह गई है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**मनासा, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नीमच मार्ग पर राधा स्वामी सत्संग के पास बुधवार रात में एक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में एक तेज रफ्तार कार के चालक ने बाइक सवार व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सिकंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही दुर्घटना के बाद रोड पर लंबा जाम लग गया।

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंची और घायल को नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर घायल सिकंदर को एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती किया गया है। बताया जा रहा है कि घायल व्यक्ति फैक्ट्री से काम कर लौट रहा था। वही जिस कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी थी। वह मौके से भाग निकला। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी हैं।

## स्कूल में चोरी

**पिपलिया मंडी, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समीपस्थ ग्राम पंथ पिपलिया में बिती रात अज्ञात बदमाशो ने एक स्कूल में चोरी की वारदात की। यहां स्थित गौरव विद्यालय में ताला तोड़कर प्रवेश किया। यहां से कम्प्यूटर सहित अन्य सामान और नकदी चोरी कर ले गए। सुबह सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

## दो कार की टक्कर में तीन घायल

**नारायणगढ़, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अनियंत्रित कार की टक्कर से दूसरी कार में सवार 3 लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी ड्रायवर पर केस दर्ज कर जांच शुरु की है। नारायणगढ़ पुलिस के अनुसार मामला संजीत रोड़ स्थित नापाखेड़ा व ख़ेड़ा के बीच का है। ग्राम छायन निवासी भगतराम पिता बापूलाल धनगर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि आरोपी कार ड्रायवर मनीष पिता धनराज पाटीदार निवासी मगराना ने अपनी कार को अनियंत्रित व तेज चलाकर फरियादी की कार को टक्कर मार दी। इससे कार सवार भगतराम, उसकी बेटी व भाभी घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी ड्रायवर पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।





## कृषि मंडी की 29 करोड़ रूपए कीमती जमीन से अतिक्रमण हटाया

**सुवासरा, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी सुवासरा की 29 करोड़ रूपए से ज्यादा कीमती सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। गुरुवार सुबह अनुविभागीय अधिकारी सीतामऊश्रीमती शिवानी गर्ग, तहसीलदार सुवासरा मोहित सीनम, थाना प्रभारी सुवासरा रमुंडा कटारा एवं प्रशासन व पुलिस बल मौके पर पहुंचे। सुवासरा कृषि उपज मण्डी को आवंटित भूमि सर्वे नंबर 972/5 रकबा 0.450 हेक्ट, 972/6 रकबा 0.870 हेक्ट, 988/1 रकबा 0.857 हेक्ट कुल 2.177 हेक्ट भूमि पर पहुंचा। संसाधनों से लेस अमले ने भूमि पर अवैध रूप से कब्जा हटाकर मंडी सचिव को कब्जा सौंपा। भूमि की कीमत 29 करोड़ 18 लाख रुपए बताई गई है।

# समाजसेवी अरोरा पर हमले के मास्टर माइंड बाबू सिंधी को पुलिस ने दबोचा

## चीताखेड़ा से राजस्थान भागने के लिए निकला था, मगरे पर चढ़ने के दौरान गिरा, एक टांग टूटी

**नीमच, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** बेटे के उपचार के नाम पर अंतरिम जमानत 'पैरोल' पर कुछ दिनो के लिए जैल से बाहर आकर डॉन बनने की चाह में समाजसेवी और शराब कारोबारी अशोक अरोरा गंगानगर पर हमले की साजिश रचने वाले जय कुमार सबनानी उर्फ बाबू सिंधी को नीमच पुलिस ने दबोच लिया है। वह पुलिस से बचने के लिए भागता फिर रहा था। पुलिस ने आरोपी बाबू को राजस्थान भागने से पहले ही धर दबोचा। पुलिस कप्तान श्री अमित तोलानी के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या यह सामने आ रहा है कि डॉन बनने की चाह को लेकर बाबू ने इस पूरी घटनाक्रम की स्क्रीप्ट लिखी। बाबू राजस्थान भागने की तैयारी में था। इसी दौरान चीताखेड़ा के जंगल में पुलिस ने उसे घेर लिया। पुलिस को देख घबराया बाबू खड़े मगरे पर चढ़ने लगा। लेकिन, घबराहट में वह मगरे से गिर गया। जिससे उसके लेफ्ट पैर में गंभीर चोट लगी है। इस मामले में एक शूटर बाबू फकीर की मौत हो चुकी है। वहीं अकरम और अहमद नाम के दो शूटरों की पहचान हो गई है। जिनकी तलाश में टीमें दबिश दे रही है।

### हमले के पीछे यह था कारण...

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी बाबू सिंधी ने यह षड्यंत्र जमीनी विवाद, पुराने विवाद, वर्चस्व की लड़ाई और खुद को डॉन साबित करने के लिए रचा था।। गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से 5 दिन की पुलिस रिमांड मिली है। पूछताछ में अभी और भी खुलासे हो सकते हैं। इस दौरान बाबु सिंधी के छूपे हुए सहयोगियों के नाम सामने आ सकते हैं।

### कौन है बाबू सिंधी...

बाबू सिंधी का पूरा नाम जयकुमार सबनानी पिता तोलाराम सिंधी है। जो डेढ़ दशक पूर्व मंदसौर से नीमच कृषि उपज मंडी में व्यापार करने मंदसौर से बस से आना-जाना करता था। बाबू शुरुआत में आधी और एक बोरी लेकर इधर से उधर करके पैसा बनाने लगा। कुछ समय बाद उसने मंडी में व्यापार करने का लाइसेंस लेकर व्यापार शुरू कर दिया। देखते ही देखते पोस्ता व्यापारी बन गया। पोस्ता व्यापार की आड़ में बाबू ने मादक पदार्थ की तस्करी शुरू कर दी। पुलिस से साठगांठ कर तस्करी से कुछ ही सालों में करोड़ो रुपए की संपत्ति अर्जित कर ली। इस दौरान केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। बाबू हाल ही में भेरोगढ़ जैल उज्जैन से 17 फरवरी तक पैरोल पर आया था।

### चारों शूटर की पहचान हुई...

**[ डॉन बनने की थी इच्छा, पैरोल पर आकर रची साजिश, अब फिर गया सलाखों के पीछे, दो और हमलावरों की भी हुई पहचान, धरपकड़ तेज ]**

पुलिस कप्तान श्री अमित कुमार तोलानी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने चारो शूटरों की पहचान कर ली है। जिनमें एक हमलावर बाबू फकीर पहले ही मारा जा चुका है। अकरम और आशिक के साथ एक अन्य की तलाश के लिए पुलिस टीमे जुटी हुई है। 4 फरवरी को चोपड़ा चौराहा के नजदीक फायरिंग हुई थी। उसमें मुख्य आरोपी बाबू सिंधी असली नाम जयकुमार सबनानी को पकड़ा है। सूचना मिली थी कि वह चीताखेड़ा के रास्ते राजस्थान जा रहा है। घेराबंदी करने पर वह मगरे पर चढ़ा और डर के मारे नीचे कूद गया। इससे उसके एक पैर में चोट आई है। बाबू को मोबाइल उपलब्ध कराने वाले अहमद को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो 7 दिन की रिमांड पर है। सभी हमलावरों की पहचान हो चुकी हैं। इनमें से एक मार जा चुका है। पुलिस टीमे फरार आरोपियो की तलाश में जुटी है।

### यह हुआ था घटनाक्रम...

4 फरवरी को शाम 4:30 पर नीमच के लायंस पार्क चौराहा के पास कार सवार 4 अज्ञात बदमाशों ने नीमच के समाजसेवी अशोक अरोरा पर गोलियां चलाकर हमला किया। घटना से शहर के साथ-साथ पूरे जिले में सनसनी फैल गई थी। हालांकि इस घटना में अशोक अरोरा बाल बाल बच गए थे। वहीं अरोरा के सुरक्षाकर्मियों और हमलावरों के बीच हुई फायरिंग में एक हमलावर बाबू फकीर उर्फ अजहर फकीर जो की इंदौर जिले के गौतमपुरा का रहने वाला था, मारा गया। जबकि, तीन हमलावर मौके से भागने में कामयाब रहे।



### फर्जी मेडिकल रिपोर्ट लगाकर बढ़ाई पैरोल...?

बाबू सिंधी को 19 दिसंबर 2023 को हाईकोर्ट से एक माह की पैरोल मिली थी। वह भोपाल सेंट्रल जैल में बंद था। इससे पहले वह भैरवगढ सेंट्रल जैल में था, जहां पर शार्प शूटर बाबू फकीर के साथ एक बैरक में रहा। शार्प शूटर बाबू फकीर से जैल में दोस्ती बढाई और बाबू फकीर की कुख्यात तस्कर बाबू सिंधी के जीजा ने पैरोल करवाई। बीते माह पैरोल की अवधि बढाने के लिए बाबू सिंधी ने हाईकोर्ट में आवेदन किया। जिसमें उसके बेटे को बीमारी और उसके रिश्तेदार भाई की जयपुर में मृत्यु बताया। रतलाम की मेडिकल रिपोर्ट लगाई गई। सूत्र बताते है कि फर्जी मेडिकल रिपोर्ट का बाबू सिंधी ने सहारा लिया। सीबीएन ने भी इस बात का विरोध किया था। 17 जनवरी को हाईकोर्ट में फिर एक माह की अवधि बढ़ाने का आवेदन लगाया। हाईकोर्ट ने 17 फरवरी तक पैरोल की अवधि बढाई थी।

### अकरम की तलाश में रतलाम पहुंची पुलिस...

बता दे कि रविवार शाम नीमच में शराब कारोबारी और समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर पर जानलेवा हमला हुआ। जिसमें वे घायल हो गए थे। अशोक अरोरा ऑफिस से अपनी कार से घर की ओर जा रहे थे। तभी नीमच के लायंस पार्क के पास सामने से आर रही क्रेटा कार में सवार लोगों ने उनकी कार पर फायरिंग शुरू कर दी। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आ चुका है। बताया जाता है कि शराब कारोबारी पर हमला करने वाले चार आरोपी थे। जिसमें से एक की क्रास फायरिंग में मौत हो गई थी। मौके से तीन अन्य फरार हो गए थे। इन्हीं चार में से एक रतलाम के पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र के जवाहर नगर में रहने वाले अकरम नाम के युवक का भी नाम सामने आया है। चार में से एक शूटर अकरम था। इसी की तलाश में नीमच पुलिस के दल ने जवाहर नगर में इसकी तलाश की। लेकिन वह नहीं मिला।रतलाम एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया नीमच की पुलिस गोलीकांड में एक आरोपी की तलाश में रतलाम आई थी।

## खेलो इंडिया कोच वैभव लौटे रिफ्रेशर कोर्स से



**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हॉकी के एनआईएस कोच वैभव चौरसिया जो कि मंदसौर खेलो इंडिया सेंटर के कोच है अपना रिफ्रेशर कोर्स पूरा कर मंदसौर लौट यह कोर्स खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा बेंगलुरु में 15 जनवरी से 2 फरवरी तक लगाया गया था यह जानकारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवडा ने दी उन्होंने बताया कि वैभव मंदसौर खेलो इंडिया सेंटर कोच है व इसी प्रकार पूरे भारत से खेलो इंडिया प्रशिक्षकों बेंगलुरु नेताजी सुभाष दक्षिणी केंद्र पर बुलाकर कोचिंग की नई विधि के बारे में जानकारी दी गई ताकि वह अधिक से अधिक खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल के पैदा कर सके और भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया के द्वारा अच्छे खिलाडियों को बनाने का जो प्रयास है वह साकार कर सके यह प्रशिक्षण भारत के मुख्य कोचेस वह खिलाडियों द्वारा दिया गया इस अवसर पर जिला हॉकी एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी द्वारा शुभकामनाएं दी गई।



## छठे दिन मयंक रावत ने 43 गेंद में ठोके 104 रन, खेली आतिशी पारी



**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नूतन स्टेडियम में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। गने डीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दूसरी बार आयोजित वात्सल्य प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में मंदसौर के साथ-साथ बाहर से आये खिलाडी अपने खेल का जोहर दिखा रहे है।

टूर्नामेंट के छठवें दिन मंदसौर इंडियन एवं राज राइडर्स के बीच खेला गया मैच मंदसौर इंडियन के बल्लेबाज मयंक रावत के नाम रहा। उन्होंने मात्र 43 गेंद में 104 की शतकीय पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने मैदान के चारों तरफ शॉट लगाकर गेंदों को बाउंड्री पार किया। इस शानदार पारी में 9 चौके व 8 छक्के उन्होंने जडे। मयंक रावत के शतक की बदौलत मंदसौर इंडियन ने 15 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 208 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। विकास डोगल ने भी नाबाद रहते हुए 24 गेंद पर 45 रन बनाये उन्होंने भी 5 चौके व 2 छक्के लगाये। राज राइडर्स के अंकित ने 3 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राज राइडर्स 15 ओवर में 178 रन ही बना पाई। हालांकि कप्तान अजय रोहरे ने 24 गेंद पर 73 रन (9 चौके 4 छक्के) की अच्छी पारी खेली लेकिन वह जीता नहीं पाए। उनका साथ देते हुए अंकित नरवाल ने 21 गेंद पर 42 रन (4 चौके 3 छक्के), अंकुश त्यागी ने 17 गेंद पर 41 रन (4 चौके 3 छक्के) बनाये। मंदसौर इंडियन 30 रन से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच मयंक रावत रहे। दूसरा मैच क्रिक स्पार्टन व सफल वॉरियर्स के बीच खेला गया। क्रिक स्पार्टन ने 15 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाये। कार्तिक शर्मा ने 38 गेंद पर 75 रन (8 चौके 6 छक्के), अपूर्व द्विवेदी ने 19 गेंद पर 24 रन (2 चौके 1 छक्का) बनाये। सफल वारियर्स के विजेन्द्र पांचाल ने 3 विकेट लिये। लक्ष्य ज्यादा बडा नहीं देना क्रिक स्पार्टन के लिये भारी पड गया। जिसे सफल वारियर्स ने आसानी से प्राप्त कर लिया उन्होंने 12.1 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। विजय पांचाल ने 25 गेंद पर 47 रन (6 चौके 2 छक्के), शिवमसिंह ने 14 गेंद पर 25 रन (2 चौके, 2 छक्के), सौरभ धारीवाल ने 12 गेंद में 23 रन (1 चौका, 2 छक्के) बनाये। सफल वारियर्स ने 4 विकेट से मैच जीत लिया। विजेन पांचाल को मैन ऑफ द मैच दिया गया। इस अवसर पर वात्सल्य प्रीमियम लीग-2 आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बडी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के तहत कमला नेहरू स्कूल में शिविर का आयोजन सम्पन्न



**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रजी मोदी के आव्हान एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार दिनांक 6, 7 व 8 फरवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत चयनित स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कल इसी तारतम्य में गुरूवार को नईआबादी स्थित कमला नेहरू स्कूल परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बडी संख्या में नगर के नागरिकों ने पहुंचकर केन्द्र की मोदी सरकार के द्वारा जो योजनायें संचालित है उनकी जानकारी ली तथा योजनाओं के लिये अपना पंजीयन भी कराया। नपा परिषद व जिला प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से शासन की योजनाओं का लाभ आमजनों को मिले इसके लिये शिविर में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के द्वारा लगभग 38 लाख रू. की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ का वितरण भी किया गया। इस हितलाभ में सम्बल योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मातृ वंदना योजना के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का भी वितरण हुआ।

शिविर का शुभारंभ नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, नपा सभापति श्री निलेश जैन, पार्षद प्रतिनिधि विनय दुबेला, पार्षद हाजी शहजाद पटेल, श्रीमती रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, भाजपा नेता जगदीश बैरागी बुगलिया, बंशी राठौर, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर सभी ने कन्या पूजन भी किया और कन्याओं की पूजा कर उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जो योजनाएं बनाई है उसमें गरिबों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। प्रधानमंत्री आवास के बनने से झुग्गी झोपडी क्षेत्र में अब केवल पक्के मकान नजर आते है। स्वच्छता के प्रति लोगों में नई जागृति आई है यह सब मोदीजी की सरकार ने मात्र 10 वर्ष में करके दिखाया है। नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला ने कहा कि भारत 1947 तक पूर्ण विकसित देश बने इसके लिये मोदीजी की सरकार जो काम कर रही है हमें उनका कामों को जनता तक पहुंचाना है। आज देश हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। यह सब मोदीजी के सक्षम नेतृत्व के कारण मुमकिन हुआ है। भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने हमें एकात्म मानववाद का मंत्र दिया। आज हमारी सरकारें उसी मंत्र को आत्मसात कर जनकल्याण के कामों में लगी है। समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की मदद यह हमारा उद्देश्य होना चाहिये। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता ने कहा कि हर पात्र हितग्राही को शासन की योजनाओं का लाभ मिले यही प्रधानमंत्री श्री मोदीजी का प्रयास रहा है। आगामी समय में लोकसभा चुनाव आने वाले है। हमें पुन: तीसरी बार मोदीजी की प्रचण्ड बहुमत से सरकार बनाना है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पी.एस. धारवे, अजय शर्मा, अक्षय धींग, पप्पू राठौर, मोहनसिंह आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रशेखर नागदा ने किया तथा आभार नपा सभापति श्री निलेश जैन ने माना।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा-2 गांधी मार्ग व फूलबाई मांगलिक भवन पर करेंगी भ्रमण-** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा-2, 9 फरवरी 2024 को मल्हारगढ के वार्ड नं. 11 गांधी मार्ग एवं नारायणगढ के वार्ड नं. 9 लीलाबाई फूलबाई मांगलिक भवन में भ्रमण करेंगी।

## सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन कल से

**नारायणगढ़, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री हरि विष्णु अवतार भगवान श्री देवनारायण जी के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देवमंडल सुंदरकांड समिति के वरिष्ठ सदस्य किशोर भागरिया द्वारा देते हुए बताया गया है कि कमल फूल अवतार भगवान श्री देवनारायण जी के जन्म उत्सव के पावन अवसर पर देव मंडल सुंदरकांड समिति एवं समस्त नगरवासियों के सहयोग से सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथा प्रवक्ता साध्वी सीता बहन जी, श्री वनदेवी आश्रम, ओकारेश्वर के मुखारविंद से कथा का प्रवचन किया जाएगा। कथा प्रवचन दिनांक 10 फरवरी 2024, शनिवार से 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 तब शाम 7:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक देवनारायण मंदिर परिसर, गांधी चौराहा, नारायणगढ पर किया जाएगा।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा की जिला बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की कार्ययोजनानुसार एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार भाजपा पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान के नेतृत्व में आगामी कार्ययोजना को लेकर भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर एंव भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया की गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय एंव डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत पिछडा मोर्चा जिला पदाधिकारियों द्वारा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर ने कहा की आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक है एंव देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जो नारा दिया है अबकी बार 400 पार एंव भाजपा की सीटें 370 पार को हम सभी पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं को मिलकर लक्ष्य तक पहुंचना है। केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक बूथ तक ले जाना है और इन सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक हितग्राही को दिलाना है। साथ ही वर्तमान में चल रहे पार्टी का गांव चलो अभियान में पिछडा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को लगना है और अपने बूथ को मजबूत करना है।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि आज भारत देश में पिछडा वर्ग की संख्या लगभग 52 प्रतिशत है। कांग्रेस वोट बैंक के खातीर षंडयंत्र के साथ जातियों में लड़ाने का कार्य कर रही है। 2014 के बाद से ही जातीगत स्तर पर आंदोलन करवा रही है, जिसको हमें विफल करवाना है। हमारे लिये राष्ट्र प्रथम है। हमें केन्द्र सरकार एंव राज्य सरकार की सभी योजनाओं को बूथ तक ले जाकर उन्हे लाभ दिलवाना है। साथ ही प्रदेश द्वारा दिये गये समस्त कार्यों को समय से पूर्ण करना है। आने वाले समय में पिछडा मोर्चो का राष्ट्रीय अधिवेशन कर्नाटक में होना है। मेरा आप सभी मोर्चो के पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं से आग्रह है इस अधिवेशन में पिछडा मोर्चा के अधिक से अधिक कार्यकर्ता पंहुचे। स्वागत भाषण देते हुए भाजपा पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने कहा की पिछडा मोर्चा प्रदेश की कार्ययोजनानुसार जो कार्य हमें सौपां है उस कार्य को हम पूरी तनमता के साथ लगना है और प्रदेश द्वारा दिये कार्यो को मोर्चा द्वारा जिले के प्रत्येक मंडल में सम्पन्न करवाना है। बैठक का संचालन पिछडा मोर्चा जिला महामंत्री सुमित सेन ने किया एंव आभार पिछड मोर्चा जिला महामंत्री नंदु कुमावत ने माना। बैठक में मोर्चो के जिला पदाधिकारीगण एंव कार्यसमिति सदस्य गण, मंडल अध्यक्ष एंव महामंत्री गण उपस्थित थे। उक्त जानकारी पिछड़ा मोर्चा जिला मिडिया प्रभारी अम्बालाल चौहान ने दी।

## कलेक्टर ने किया जाट एवं रतनगढ़ के सरकारी स्वास्थ केंद्रों का निरीक्षण



**नीमच, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने गुरूवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनगढ का आकस्मिक निरीक्षण कर, उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने इस निरीक्षण दौरान ओपीडी में उपचार के लिए प्रतिदिन आनेवाले मरीजों की संख्या, उपलब्ध स्टाफ, औषधी वितरण व्यवस्था, विभिन्न जांचों के लिए लेब व लेब टेक्निशियन की उपलब्धता, ड्रेसिंग रूम, इंजेक्शन कक्ष, प्रसव पूर्व जांच एवं प्रसव के लिए पृथक से कक्ष प्रतिमाह होने वाले प्रसवों की संख्या आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने इन दोनों संस्थोओं में पदस्थ स्टाफ की तुलना में ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या कम होने पर निर्देश दिए कि ओपीडी की संख्या बढाने के विशेष प्रयास किए जाए। निरीक्षण दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाट में पदस्थ चिकित्संक अनुपस्थित पाये गये इस पर कलेक्टर ने संबंधित चिकित्सक का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री जैन ने पोषण पुर्नवास केंद्र रतनगढ का निरीक्षण किया और निरीक्षण दौरान पोषण पुर्नवास केंद्र में एक भी बच्चा उपचाररत नहीं पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आंगनवाडी केंद्र वाईस रोस्टर बनाकर, महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक एनआरसी में बच्चों को भर्ती करवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एनआरसी में एक भी सीट खाली ना रहे और सभी सीटे हर समय भरी हुई हो। कलेक्टर श्री जैन ने रतनगढ स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संचालित टी.बी. जांच लेब का निरीक्षण किया और टी.बी.जांच पंजी का अवलोकन किया। उन्होने कहा कि टी.बी.मुक्त अभियान के तहत टी.बी.के मरीजों की अधिक से अधिक जांच कर पॉजीटिव पाये जाने वाले मरीजों को नि:शुल्क उपचार उपलब्ध करवाया जाए। कलेक्टर ने टी.बी.की जांच संख्या बढाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने रतनगढ में प्रसव के लिए आई गर्भवती महिला नीतु मेघवाल निवासी मुकेरा व उसके परिजनों से चर्चा कर, नीतु की प्रसव पूर्व जांच की जानकारी ली और जांच कार्ड का अवलोकन किया। उन्होने नीतु मेघवाल को तत्काल भर्ती कर नि:शुल्क उपचार उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम श्री राजकुमार हलदर, एवं चिकित्सक व स्वास्थ्य स्टाफ उपस्थित था।

## अधीक्षण अभियंता जैन ने कार्यभार ग्रहण किया

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मंदसौर के नवागंतुक अधीक्षण अभियंता श्री आर सी जैन ने आज कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय मजदूर संघ द्वारा अधीक्षण अभियंता का आत्मीय स्वागत किया गया। अधीक्षण अभियंता ने अपने उद्बोधन मे कहा की सभी कर्मचारियों को साथ लेकर कंपनी के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए आपसी चर्चा कर सभी बिन्दुओ को प्राथमिकता से हल करवायेंगे। स्वागत करने मे बिजली कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रांतीय सचिव शक्ति वर्मा, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख दिनेश धनोतिया, सुनतीलाल जैन, स्नेहिल शर्मा, संजीव गौत्तम, देवीलाल शर्मा, नरेंद्र पाटीदार, पिंकेश पंवार, मनोज बवाना, चंद्रप्रकाश, यशवंत बैरागी, महेश जगावत पुष्कर सिंह, श्री लतीफ मंसूरी द्वारा स्वागत किया गया।

## कलेक्टर व्दारा नलकूप खनन कार्य की सूचना 15 दिवस पूर्व अनिवार्य रूप से देने का आदेश

**नीमच, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अनुपयोगी एवं खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा रिट पिटीशन में पारित निर्णय 11 फरवरी एवं 06 अगस्त 2010 द्वारा नलकूप खनन के संबंध में गाईड लाईन जारी की गई है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्री दिनेश जैन व्दारा 8 फरवरी को एक आदेश जारी कर, आदेशित किया जाता है, कि जिले में नलकूप खनन कराने वाली पार्टी नलकूप खनन कार्य की सूचना 15 दिवस पूर्व लिखित में शासन द्वारा निर्धारित विभाग, नगरीय निकाय, संबंधित ग्राम पंचायत को देंगे। नलकूप खनन स्थल पर साईन बोर्ड लगाने तथा बोर्ड पर नलकूप करने वाली एजेन्सी व नलकूप खनन करवाने वाली एजेन्सी का पूरा पता, रजिस्ट्रेशन आदि लिखा जाएगा। नलकूप खनन स्थल पर कांटेदार तार फेन्सिंग से बेरिकेट किया जाएगा। नलकूप खनन के बाद तत्काल केसिंग पाईप के उपर केप वेल्डिंग, नट बोल्ट द्वारा कसा जाएगा तथा नलकूप असफल होने की स्थिति में नलकूप को मिट्टी, रेट, गिट्टी आदि से पूरा जमीन स्तर तक भरा जाएगा तथा 0.50×0.50×0.60 मीटर साईज (0.30 मीटर जमीन के नीचे एवं 0.30 मीटर जमीन के उपर) 15 सीमेंट कांकीट ब्लॉक बनाया जाएगा। कलेक्टर व्दारा जारी आदेशानुसार मोटर पम्प सुधार कार्य के लिये पम्प निकालने के बाद भी नलकूप को खुला नहीं छोडा जाएगा। केसिंग के उपर केप वेल्डिंग, नट, बोल्ट से कसा जाएगा। नलकूप खनन कार्य पूर्ण होने के उपरान्त जमीन समतल की जायेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में निजी नलकूप के प्रकरण में संबंधित सरपंच ग्राम पंचायत, शासकीय प्रकरण में संबंधित सहायक यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगरपालिका निगरानी एजेन्सी होगी। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री जे.सी.जानोलिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर व्दारा उक्त गाईड लाईन का सख्ती से पालन सुनिश्चित करवाने के निर्देश सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों तथा पंचायत एवं नगरीय निकायों को दिए गए है।

## सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. कुमार ने नशा मुक्ति उपचार केंद्र मंदसौर का वर्चुवल किया उद्घाटन

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा नशा मुक्ति उपचार केंद्र मंदसौर का वर्चुवल उद्घाटन किया।



कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने कहा कि नशा मुक्ति उपचार केंद्र में परामर्श और उपचार सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। नशा मुक्ति केंद्र में नशे की समस्या का आकलन, निवारक, कार्यवाही, नशे की लत के उपचार और पुर्नवास, सूचना का प्रसार, सार्वजनिक जागरूकता सहित नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम के सभी पहलुओं का समन्वय और देखरेख की जावेगी। नशा मुक्ति उपचार केंद्र का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर द्वारा रिबन काटकर नशा मुक्ति केंद का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, स्टेट कोऑर्डिनेटर न्यू दिल्ली सुश्री जीताश्री, एसडीएम एवं संयुक्त कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जी एस चौहान उपस्थित थे श्र कार्यक्रम के पश्चात नशा मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई।

## अनाधिकृत कालोनियों के कॉलोनाइजर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु दस्तावेज प्रेषित किए

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भैंसोदा समाचार पत्र में प्रकाशित खबर 'अवैध कालोनियां बनाने वाले कॉलोनाइजर पर दर्ज नहीं हुआ मुकदमा' के संबंध में बताया कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरोठ से प्राप्त पत्र में अनाधिकृत कालोनियों को वैध किए जाने हेतु अनाधिकृत कालोनियों के चिन्हाकान करने हेतु राजस्व एवं नगर परिषद की संयुक्त टीम का गठन किया गया है। साथ ही सर्वसाधारण एवं आम जनता द्वारा अनाधिकृत कॉलोनीयों के आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु समक्ष प्राधिकारी द्वारा समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गई थी। गठित टीम द्वारा अनाधिकृत कॉलोनीयों का चिन्हाकान सूची तैयार कर निकाय द्वारा परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण मंदसौर को हस्ताक्षरित चिन्हाकान और अनाधिकृत कॉलोनीयों की सूची सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से सार्वजनिक सूचना जारी करने हेतु पत्र प्रेषित किया गया था।

सक्षम प्राधिकारी द्वारा 25 अनाधिकृत कॉलोनीयों की सार्वजनिक सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशन किया गया। जिसकी समयावधि में 25 कॉलोनीयों में से 5 कॉलोनीयों में आपत्ति प्राप्त हुई, शेष 20 कॉलोनी में आपत्ति प्राप्त नहीं होने से अनाधिकृत कॉलोनीयों के कॉलोनाइजर के विरुद्ध मध्य प्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 अंतर्गत पुलिस चौकी में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु पत्र 23 जून 2023 को प्रेषित किया गया था। 20 अनाधिकृत कॉलोनीयों की सूची का अंतिम प्रकाशन सक्षम प्राधिकारी द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशन किया गया, व अनाधिकृत कॉलोनीयों वैध किए जाने के संबंध में कार्यवाही की गई। नगर परिषद भैंसोदा क्षेत्र अंतर्गत पाई गई अनाधिकृत कॉलोनीयों के कॉलोनाइजर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने हेतु पुलिस चौकी भैंसोदामंडी को सह दस्तावेज प्रेषित किया गया था।



## सहोदय की इंटर स्कूल समूह गान प्रतियोगिता के आयोजन में लोटस वैली रहा प्रथम

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीबीएससी स्कूल सहोदय की इंटर स्कूल समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन श्री कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। मंदसौर-नीमच जिले के 11 सीबीएससी स्कूल्स ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। स्पर्धा में प्रथम लोटस वैली स्कूल मंदसौर, मंदसौर इंटरनेशनल स्कूल द्वितीय एवं एडिफाई स्कूल तृतीय रहे। सांत्वना पुरस्कार आदित्य पब्लिक स्कूल एवं दशपुर विद्यालय को प्राप्त हुआ। स्पर्धा के निर्णायक प्रसिद्ध गायक श्री अहमद रजा एवं प्रसिद्ध तबला वादक श्री निशांत शर्मा रहे।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण सहोदय की सचिव श्रीमती रत्नप्रभा राणावत ने दिया एवं आभार सहोदय सदस्य श्री आदित्य पाटिल ने माना। सहोदय द्वारा आयोजित समूह गान प्रतियोगिता में राष्ट्रभक्ति और संस्कृति से ओतप्रोत प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। बच्चों की यह प्रस्तुति अत्यंत मनोरम थी। अंत में विजेता विद्यालयों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था पदाधिकारी, सदस्य, विद्यालय सदस्य, स्टाफ, विधार्थी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## होगा विवादों का समाधान अब आपके व्दार...

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** किसी भी राष्ट्र की सामजिक समरसता एवं विकास को नापने का एक पैमाना समाज में व्याप्त प्रकरण/मामलें हो सकता है। भारत में न्यायालयों में दो करोड़ से अधिक मामलें लंबित है। साथ ही असंख्य पूर्व वाद के प्रकरण भी चल रहे है, जिनमें आपसी सुलह समझौता व राजीनामा के माध्यम से निपटाया जा सकता है।

इसी क्रम में माननीय म.प्र. उच्च न्यायालय तथा म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक समाधानपूर्ण विकल्प तैयार किया गया है- समाधान आपके द्वार इस अभियान के अन्तर्गत जिला प्रशासन से संबद्ध समस्त विभागों की भूमिका निर्धारित की गई है, जो कि आमजन के विवादों का निराकरण तहसील एवं जिला स्तर पर समाधानपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर ही करने का प्रयास करेंगें। योजना अन्तर्गत कलेक्टर द्वारा जिले के समस्त ग्रागीण एवं शहरी क्षेत्रों को क्लस्टर्स में विभाजित किया गया है। अभियान अन्तर्गत जिला प्रशासन से सम्बद्ध राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग, नगर निकाय विभाग एवं अन्य विभागों से संबंधित शमनीय आपराधिक मामलों एवं न्यायालय में प्रचलित राजीनामा योग्य मामलें तथा प्रीलिटिगेशन मामलों का सोहाद्रपूर्ण एवं आपसी समझौते से प्रकरणों का निराकरण 24 फरवरी, 2024 को आयोजित होने वाली समाधान आपके द्वारा लोक अदालत/शिविर में किया जाना है। इसके साथ ही आमजनों के प्रकरणों का निराकरण किये जाने में सहयोग हेतु त्रिस्तरीय दलों का गठन किया गया है। लेवल-1 में बीटगार्ड, कोटवार, पटवारी, आरक्षक, प्रधान आरक्षक, लाईनमेन एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स रहेंगे। लेवल-2 में ग्राम न्यायाधीकारी तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, थाना प्रभारी, उपखंड अधिकारी वन, उपखंड मजिस्ट्रेट, कनिष्ट यंत्री विद्युत विभाग, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं सहायक जिला लोक अभियोजक अधिकारी सदस्य है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु लेवल-2 के अधिकारियों के संग बैठक आयोजित की गई हैं। साथ ही लेवल-1 के कर्मचारियों/अधिकारियों को योजना के संबंध में ट्रेनिंग प्रदान की जाने हेतु भी संबंधित विभाग निर्देशित किया गया है। योजना का लाभ उठाने के लिये विभाग से संबंधित अपनी समस्या को ऑनलाईन/ऑफलाईन दर्ज करने का आसान माध्यम उपलब्ध है। ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने हेतु अपने मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से डच्चैसै। की वेबसाइट पर जाकर समाधान आपके द्वार कॉलम पर क्लिक कर मांगी गई जानकारी भरकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं अथवा अपनी शिकायत एल-1 कर्मचारी/पैरालीगल वालेन्टियर्स के माध्यम से सम्बन्धित विभाग में पेश की जा सकती है। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री हर्ष सिंह बहरावत द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे उनके समस्त प्रकार के शमनीय प्रकरणों का निराकरण 24 फरवरी, 2024 को आयोजित होने वाले समाधान आपके द्वार शिविर में करा सकते है, जिससे आपसी सौहाद्र व सद्भावना में वृद्धि होगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 35 | 2199 | 2290 |
| उडद | 24 | 5800 | 8807 |
| सोयाबीन | 2855 | 4390 | 4670 |
| गेहू | 1820 | 2480 | 3100 |
| चना | 54 | 4850 | 5701 |
| मसुर | 143 | 5000 | 5911 |
| धनिया | 566 | 4460 | 6491 |
| लहसुन | 14500 | 9000 | 28900 |
| मैथी | 417 | 4600 | 6900 |
| अलसी | 689 | 4499 | 5011 |
| सरसो | 2410 | 4060 | 5036 |
| तारामीरा | 2 | 4472 | 4640 |
| इसबगोल | 0000 | 00000 | 00000 |
| प्याज | 1007 | 380 | 1619 |
| कलोंजी | 29 | 7299 | 16461 |
| डॉलर | 2 | 4661 | 4990 |
| तिल्ली | 2 | 14200 | 14200 |
| मटरसुखी | 4 | 4423 | 4790 |
| असालीया | 455 | 5500 | 8051 |

# नीमच गोलीकांड:वारदात के विरोध में सड़क पर उमड़ा जनसैलाब, महारैली निकाल जताया आक्रोश





**✻ मुख्यमंत्री से की मांग, अपराधियों का जड़ से हो यूपी पेटर्न पर खात्मा ✻ सर्व समाज हुआ शामिल, 115 समाज और सामाजिक संगठनों ने दिया ज्ञापन ✻ नीमच के इतिहास में पहली बार हुआ सामाजिक आंदोलन, 8 वर्ष से 87 वर्ष तक की आयु वाले लोग हुए शामिल, बजरंगियों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**

**नीमच, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी और आरोग्यधाम भादवामाता मंदिर के जिर्णोद्धारकर्ता अशोक अरोरा गंगानगर पर हुई फायरिंग की घटना को लेकर नीमच के इतिहास में पहली बार सामाजिक आंदोलन हुआ। गुरूवार को सर्व समाज और सभी संगठन इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। ज्ञापन देने वाले संगठन और समाजों की संख्या 115 तक पहुंची। नीमच में पहला ऐसा मौका है, जिसमें सभी संगठन और सर्व हिन्दू समाज ने विरोध प्रदर्शन में अपनी भागीदारी निभाई। न तो किसी का आव्हान था और न ही किसी का बुलावा। सभी समाज, संस्था के पदाधिकारी स्वैच्छा से सड़क पर उतरे। उनकी आंखों में नीमच में हुए गोलीकांड को लेकर जबरदस्त आक्रोश था। समाजसेवी अशोक अरोरा के लिए जन सैलाब सड्कों पर उतरा तो देखने वाले दंग रह गए। सभी की सीएम डॉ. मोहन यादव से एक ही मांग थी कि बदमाशों का यूपी के अतिक अहमद की तर्ज पर जड़ से खात्मा हो, उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चले। नीमच में इस तरह की घटना जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

बीत 4 फरवरी को नीमच में सरेआम दिनदहाड़े हुए गोलीकांड को लेकर समाज के हर वर्ग में आक्रोश देखा जा रहा है। श्री अरोरा पर लायंस पार्क के समीप बदमाशों ने फायरिंग की, जो कि बदमाशों के बुलंद हौसलों को दर्शाती है। हालांकि इस घटना में जवाबी फायरिंग में इंदौर का शार्प शूटर (शातिर अपराधी) बाबू फकीर मौके पर ही ढेर हो गया, जिस पर 11 हत्याओ के केस दर्ज थे। बता दे कि श्री अरोरा हर वर्ग में अपनी गहरी पैंठ रखते है। वे सभी धार्मिक गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते है। यही कारण है कि वे नीमच ही नहीं आस-पास के क्षेत्र में उनके हजारों समर्थक है। जैसे ही श्री अरोरा के साथ प्राणघातक हमले की जानकारी जनता तक पहुंची तो आक्रोश फैल गया। तीन दिन बाद भी बदमाशों का खात्मा नहीं होने से और उनकी अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई नहीं किए जाने से सर्व समाज में आक्रोश बढ गया। गुरूवार को शहर के भारत माता चौराहे (फोर जीरो) पर सर्व समाज और समाजिक संगठनों के पदाधिकारी दोपहर 12 बजे एकत्रित होना शुरू हो गए। देखते ही देखते हजारों की भीड चौराहे पर जमा हो गई। यहां से पैदल रैली शुरू हुई, जो नयाबाजार, बारादरी, फव्वारा चौक, टैगोर मार्ग होते हुए पुराने कैंट थाने पहुंची। इस दौरान भादवामाता की जय, जय-जय श्री राम, हर-हर महादेव के नारे गूंजते रहे। खास बात यह है कि विरोध प्रदर्शन में उमडे हजारों लोगों में 8 से लेकर 87 वर्ष तक के लोग शामिल थे। पुराने कैंट थाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया पहले से मौजूद थे। यहां पर ज्ञापन देने वालों की लंबी कतारें देखी गई। करीब 115 समाज और सामाजिक संगठन, संस्थाओं ने अपने लेटर हेड पर सीएम डॉ. मोहन यादव व राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा के नाम एएसपी श्री सिसौदिया को ज्ञापन सौंपे। करीब एक घंटे तक ज्ञापन देने का सिलसिला चला। एएसपी ने भरोसा दिलाया कि बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ज्ञापनों का वाचन बजरंग दल के नेता निर्मलदेव नरेला ने किया। वहीं आभार अभिभाषक संघ नीमच के अध्यक्ष मनीष जोशी ने माना।

इस अवसर पर अविभाजित जिले के वरिष्ठ अभिभाषक हरिप्रसाद जोशी, मुकेश खंडेलवाल, मुन्ना चौरसिया, सुरेश शर्मा, योगेश पंथ, नवीन आरके, रवि दुआ आनंदो, अनिल गोयल, रवींद्र महेता, राजेश जैन, राजेश अजमेरा, तरुण बहेती, बाबू लाल गोड़, चंचल बहेती, शौक़ीन जैन, कमलेश गर्ग, भगत राम नायक, रोहित नरवले, दीपक श्रीवास्तव, राजेंद्र गर्ग एसपी, गुड्डू सुंदरम्, प्रतीक डोसी, मोहन मेगानानी, विश्वेदेव शर्मा, सुरेंद्र सेठी, मूलचंद खींची, नीरज अहीर, मितुल मित्तल, भूपेन्द्र बाबा, राकेश चरण, मनीष यादव नवीन गट्नी, नरेंद्र कोठारी, बँटी सेन रमेश रजोरा, लक्ष्मण सिंह भाटी, प्रतेश नियान, शौक़ीन जैन, हरगोविंद दीवान, राकेश सोनकर, विशाल वर्धनी, बंजारा समाज के भारतसिंह खींची, आर सागर कच्छावा, डॉ एलबीएस चौधरी, डॉ अशोक जैन, डॉ.भंडारी, डॉ गर्ग, दीपक सिंहल, मनीष चमडिया, राजेंद्र खंडेलवाल, राजेश मंत्री, मनोहरसिंह लोढा, भूषण पटवा, कमल गर्ग, मनोहर अजनानी, दीपक गेहलोत, रमेश गर्ग मंदसौर, कालू चौपडा, संदीप चौपडा, नारायण काबरा, जगदीश गुर्जर, हरभजनसिंह सिख्ख समाज, सत्यनारायण तेली, वाल्मिकी समाज से लाला घेंघट, रोशन वर्मा, नीरज अहीर, मनोहर चौरसिया, मनदीप टूटेजा, महेंद्र गुर्जर मंदसौर सहित विभिन्न समाजों के अध्यक्ष व पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### डॉक्टर से लेकर सीनियर सीटीजन प्रदर्शन में शामिल...

समाजसेवी श्री अरोरा के समर्थन में उतरे हजारों लोगों ने नीमच में इतिहास रच दिया। चाहे डॉक्टर हो या फिर विभिन्न संगठन। सीनियर सिटीजन से लेकर बच्चे भी प्रदर्शन में शामिल हुए। रैली में भीड़ का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक छोर बारादरी के पास था तो दूसरा छोर पुस्तक बाजार पर। पुराना कैंट थाना लोगों से भर गया वहीं बाहर टैगोर मार्ग पर भारी भीड़ जमा थी। शहर की एक भी संस्था और समाज इस प्रदर्शन से वंचित नहीं रही। लगभग सभी संगठन और समाज ने ज्ञापन दिया।



# दो डोडाचूरा तस्करों को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास

**जावद, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान अनुज कुमार मित्तल, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985) नीमच के द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले दो तस्कर (1) मिश्रीलाल उर्फ कालू पिता मोतीलाल धाकड़, उम्र-38 वर्ष, निवासी-ग्राम आलोरी गरवाड़ा, थाना रतनगढ, जिला नीमच एवं (2) अशोक पिता देवीलाल धाकड़, उम्र-23 वर्ष, निवासी-ग्राम हाथीपूरा, थाना रतनगढ, जिला नीमच को एन.डी.पी.एस. एक्ट, 1985 की धारा 8(सी)/15(सी) के अंतर्गत 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2,00,000-2,00,000रू. अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 25.09.2022 को केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, के निरीक्षक धर्मसिंह मीणा को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम हाथीपुरा, जो कि थाना रतनगढ क्षेत्र में आता हैं वहा पर अशोक धाकड़ उसके चचेरे भाई मिश्रीलाल धाकड़ के साथ मिलकर बडे पैमाने पर आवैध मादक पादर्थ डोडाचूरा की तस्करी कर रहा हैं तथा उसने गांव के बाहर अपनी जमीन पर एक अस्थाई गोदाम/बाडा बना रखा हैं, जिसमें वह डोडाचूरा का संग्रह करके उसकी पिसाई व पैकिंग करके विभिन्न वाहनों से तस्करी का कार्य कर रहा हैं व उसने 03 गाडियों में डोडाचूरा भरकर लोड कर रखा हैं, जिसकी तस्करी कर उसे बाहर भेजने की तैयारी में वह हैं। निरीक्षक धर्मसिंह मीणा द्वारा मुखबिर सूचना से अधीक्षक अमरसिंह कनोजिया को अवगत कराया गया, जिनके द्वारा निरीक्षक पुरूषोत्तम मीणा को दल का गठन कर कार्यवाही करने के लिए आदेशित किया गया। निरीक्षक पुरूषोत्तम द्वारा दल के साथ दिनांक 26.09.2022 को प्रात: 06 बजे ग्राम हाथीपुरा जाकर मुखबिर द्वारा बातये गये स्थान पर पहुँचे जहां पर तलाशी लिये जाने पर एक आई-20 कार जिसमें 5 कट्टो में 198 किलोग्राम डोडाचूरा, एक स्कॉरपियों वाहन में 21 कट्टो में 421 किलोग्राम तथा एक पिकअप वाहन में 25 कट्टों में 425 किलोग्राम अवैध मादक पादर्थ डोडाचूरा रखा हुआ था, जिसको जप्त किया गया तथा मौके पर ही 02 बाल अपचारीगण को 12 बोर की बंदूक व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। मौके की कार्यवाही कर विवेचना उपरांत परिवाद विशेष न्यायालय जावद में प्रस्तुत किया गया। बाल अपचारीगण के संबंध में परिवाद पृथक से बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विशेष लोक अभियोजक द्वारा न्यायालय में विचारण के दौरान विवेचक, जप्ती अधिकारी, फोर्स के सदस्यों सहित सभी आवश्यक गवाहों के बयान कराते हुवे आरोपीगण द्वारा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा का संग्रह एवं तस्करी किये जाने के अपराध को प्रमाणित कराते हुए उन्हें कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय विशेष न्यायालय द्वारा दोनो आरोपीगण को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा किया गया तथा अभियोजन के सफल संचालन में सुश्री प्रियंका गुर्जर, श्रीमती नीरा यादव अधिवक्तागण व इंटर्न भगत मालवीय का सक्रिय सहयोग रहा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कार की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर पुलिस थाने के सामने कार ड्राइवर ने बाइक सवार रुपनी चोपाटी कयामपुर निवासी लक्ष्मण पिता भागीरथ रेबारी को टक्कर मार दी, सूचना पर टोल प्लाजा टीम मौके पहुंची व घायल को एबूलेंस से मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया।



**दानराशि की गणना**- श्री पशुपतिनाथ मंदिर की दान पेटी से प्राप्त दान राशि की गणना का कार्य दिनांक 7 फरवरी को किया गया। जिसमें आज 19 लाख 24हजार 800 रुपए प्राप्त हुए। दिनांक 8 फरवरी को 8 लाख 41 हजार 794 प्राप्त। इस प्रकार कुल 2 दिन की गणना कार्य में कुल 27 लाख 66 हजार 594 रुपए प्राप्त हुए। चांदी के 150 ग्राम के छोटे आइटम, सोने के 6 ग्राम का आइटम, सऊदी अरब, नेपाल, कुवेत ,अमेरिका की विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई।

# भविष्य की चुनौतियों को पहचान कर एकता के सूत्र में बंधे वैश्य बंधु- गुप्ता

**वैश्य समाज के प्रणेता नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति में 29 यूनिट रक्तदान किया**



**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा वैश्य समाज के प्रणेता स्वतंत्रता सेनानी श्री नारायण प्रसाद गुप्ता नानाजी की स्मृति में 8 फरवरी को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए मंदसौर जिला मुख्यालय पर गौशाला परिसर में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श उमाशंकर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में रक्तदान शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें मौके पर 29 यूनिट रक्तदान किया गया और 100 से अधिक वैश्य बंधुओ और मातृशक्ति एवं नगर वासियों ने रक्त परीक्षण कराया वह एक सप्ताह में जिला चिकित्सालय में जाकर रक्तदान करेंगे। समारोह में विशेष अतिथि के रुप में वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, प्रदेश महामंत्री जगदीश अग्रवाल गरोठ , समाज सेवी प्रहलाद काबरा, गौशाला के डायरेक्टर संजय लोढ़ा उपस्थित थे। अध्यक्षता जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल ने की। समारोह में वैश्य महासम्मेलन जिला महामंत्री भगवानदास विजयवर्गीय, युवा संभागीय अध्यक्ष अमित मारवाड़ी ,जिला प्रभारी जगदीश काला, जिलाध्यक्ष राकेश दुग्गड ,जिला महामंत्री दिलीप सेठिया , प्रोजेक्ट चेयरमैन एडवोकेट गौरव रत्नावत, कमल कोठारी, जिला महिला प्रभारी श्रीमती भारती अग्रवाल, जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता अग्रवाल मंचस्थ थे। समारोह के मुख्य अतिथि प्रांतिय अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन की स्थापना करने वाले नारायण प्रसाद गुप्ता नानाजी की पुण्यतिथि समाज के लिए एक प्रेरणादाई बने इस हेतु संपूर्ण मध्य प्रदेश में 8 फरवरी को एक साथ रक्तदान का आयोजन किया जाता है । जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी आज मध्य प्रदेश में रक्तदान हुआ है। यह पुनीत कार्य करने से एक और जहां संगठन को खड़ा करने वाले के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। रक्तदान का पुनीत कार्य कई लोगों के जीवन की रक्षा करेगा।



## अरोरा पर जानलेवा हमले के विरोध में पंजाबी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**मनासा, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पंजाबी समाज द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम पवन बरिया को सौप कर मांग की है की विगत दिनों अशोकजी अरोरा (गंगानगर) व्यवसायी एवं वरिष्ठ समाजसेवी पर प्राण घातक हमला हुआ, जो निश्चित ही निंदनीय है। आपने समाज सेवा के साथ-साथ धार्मिक क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई हुई है। श्री अशोक अरोरा सर्वहारा वर्ग में एक सच्चे समाजसेवी के रूप में प्रख्यात है, इनके पास जो भी धार्मिक और सामाजिक कार्यों हेतु जाता है, सहायता राशि के अतिरिक्त अपना महत्वपूर्ण योगदान भी देते हैं। नगर के हर व्यक्ति की हर संभव सहायता करते हैं, जिससे वे नगर में लोकप्रिय है। ऐसे धर्मपरायण और सेवाभावी व्यक्तित्व के धनी पर शहर में दिनदहाडे प्राण घातक हमला करना घोर निंदनीय है। पंजाबी समाज, मनासा के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण इस हमले की निंदा करते है और आपसे निवेदन करता है कि हमलावरों को यथाशीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई किए जाने हेतु योग्य कार्यवाही की जाने की कृपा करें।

## जिला सड़क सुरक्षा उपसमिति की बैठक 12 को

**मंदसौर, 8 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला सडक सुरक्षा उपसमिति सदस्य सचिव द्वारा बताया गया कि जिला सडक सुरक्षा उपसमिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक 12 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उप पुलिस अधीक्षक के कक्ष में आयोजित की जाएगी।


## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा जिला मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.I.11 श्री भगवान सिंह सिसोदिया पिता श्री परमेश्वर सिंह को आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 29.12.2015 उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में किया गया था।

आवंटी श्री भगवान सिंह सिसोदिया पिता श्री परमेश्वर सिंह द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री देवराज सिंह देवड़ा पिता श्री वीरेन्द्र सिंह को कर विक्रय पत्र दिनांक 15.02.2022 को इनके पक्ष में निष्पादित करवा दिया था। श्री देवराज सिंह देवड़ा पिता श्री वीरेन्द्र सिंह उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति / उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG.I.11 का नामान्तरण श्री देवराज सिंह देवड़ा पिता श्री वीरेन्द्र सिंह के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक L.II-105 श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा पिता श्री दाताराम शर्मा को आवंटन आदेश क्रमांक 108 दिनांक 24.01.1989 द्वारा आवंटित किया गया था। भूखंड का पट्टाभिलेख दिनांक 10.03.2000 को निष्पादित करवाया गया था।

श्री प्रकाश चन्द्र शर्मा पिता श्री दाताराम शर्मा द्वारा अपनी स्वेच्छा से भूखंड का विक्रय कर विक्रय पत्र श्रीमती माया गुप्ता पति श्री विजय कुमार गुप्ता को कर विक्रय पत्र दिनांक 28.03.2007 को इनके पक्ष में निष्पादित करवा दिया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत आवश्यक दस्तावेजो के आधार पर श्रीमती माया गुप्ता पति श्री विजय कुमार गुप्ता भूखंड का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहती है। अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक L.II-105 का नामान्तरण श्रीमती माया गुप्ता पति श्री विजय कुमार गुप्ता के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/116/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-31.01.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

### //// द्वितीय सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनयकुमार मुंजी पिता देवीचंद मुंजी निवासी सी-60 जनता कालोनी, मंदसौर, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 09.10.2023 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना 2038/खनिज/2023 मंदसौर दिनांक 08.12.2023 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः 20.02.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

### आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | मल्हारगढ़ | खोखरा | 409/7/2 | 2.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम.सेंड (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 20.02.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
G-23931/2023 खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मंदसौर

रेडकास भवन, बीपीएल चौराहा, महु नीमच रोड, मंदसौर (म.प्र.) 458001 फोन नं.-07422-223018

क्रमांक..../रेडक्रास/24 ✻ विज्ञप्ति ✻ मंदसौर, दिनांक-................

सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा मन्दसौर द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों CWSN ( Childre with Special Needs) के लिये संचालित छात्रावास हेतु निर्धारित मापदंड अनुसार अधीनस्थ निम्नलिखित रिक्त पदो पर अस्थाई संविदा नियुक्तियां की जाना है। पदों का विवरण, संख्या, मानदेय, आयु, न्युनतम अर्हता अनुभव आदि विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | पद का नाम | पद संख्या | मानदेय प्रतिमाह | न्यूनतम अर्हता | अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अतिथि शिक्षक/विशेषज्ञ CWSN छात्रावास | 2 | 7500/- | 1. स्नातक बी.एड. स्पेशल एजुकेशन (MR) 2. डी.एड. स्पेशल एजुकेशन आई.सी.आई. से मान्यता प्राप्त | विशेष शिक्षा में फाउन्डेशन कोर्स या डी.एस.ई. के साथ 3 वर्ष के अनुभव को प्राथमिकता |
| 2 | सहायक रसोईया कम चौकीदार CWSN छात्रावास (पूर्ण कालिक) | 1 | 7000/- | 1. 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण | न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव को प्राथमिकता |
| 3 | थेरेपिस्ट/इंस्ट्रक्टर (बिल/संकेत भाषा) विशेष रुप से मंदबुद्धि बच्चों के लिए गतिविधि प्रशिक्षण प्रति थेरेपिस्ट | 1 | 300/- प्रति विजिट | आर.सी.आई. अथवा मेडिकल काउंसलिंग द्वारा मान्यता प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा | न्यूनतम दो वर्ष का कार्य अनुभव को प्राथमिकता |

नियुक्तियां पूर्ण रूप से अस्थायी है राज्य शासन / शिक्षा केंद्र से प्राप्त अनुदान पर आधारित है अनुदान न प्राप्त होने पर अथवा केंद्र बंद होने पर नियुक्तियाँ स्वत: समाप्त हो जावेगी। नियत मानदेय के अलावा कोई भत्ता, महंगाई भत्ता देय नहीं होगा।

आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पासपोर्ट साइज का नवीनतम फोटो ग्राफ एवं पूर्ण बायोडाटा मय योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र की फोटो प्रतियां सहित सचिव, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, रेडक्रास भवन, बीपीएल चौराहा, मंदसौर (म.प्र.) के पते पर दिनाक 19/02/24 तक सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय समय पर प्राप्त करना होगे।

मानसेवी सचिव
भारतीय रेडक्रास सोसायटी, जिला-शाखा मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in